### गांव गांव चल रही पैकारियों, वाहनों से पहुंचाई जा रही शराब की खेप, बढ़ रहे अपराध, माफियाओं को संरक्षण

# शराब का अवैध कारोबारः विरोध में सड़क पर उतर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस, आबकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही के चलते अब जिले की हवा में मादकता तेजी से घुलती जा रही है। हर गांव मोहल्ले, टोलों में शराब की पैकारियों का संचालन हो रहा है। लोग घरों, दुकानों से शराब की बिक्री कर रहे है। आलम यह है कि नशेड़ियों के चलते जहां शांति अमन पर विघ्न पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर अपराधिक गतिविधियों में भी दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। पुलिस व आबकारी महकमा ने मानो लायसेंसी ठेकेदारों को अवैध पैकारियों के संचालन की खुली छूट दे रखी है। ठेकेदार अपने गुर्गों के माध्यम से गांव एवं मोहल्लों में वाहनों के माध्यम से शराब की पेटियां पहुंचा रहे हैं। रहवासियों द्वारा यदि विरोध जताया जाता है तो मारपीट की नौबत आ जाती है।

युवा पीढ़ी से लेकर किशोरवय उम्र के बच्चे भी अब नशे के आदि होते जा रहे हैं। किशोरों की अपराधिक गतिविधियों में भी संलिप्तता बढ़ती जा रही है। अभी हाल ही में चाकूबाजी की वारदातों में किशोरों के शामिल होने की तस्दीक की गई है। कुल मिलाकर जो मौजूदा परिस्थितियां बनी हुई है यदि शीघ्र ही इन पर सख्त पाबंदी नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में अमन पसंद कटनी जिला क्राइम का गढ़ बन जाएगा। जहां सभ्य लोगों एवं महिलाओं का राहचलना भी दूभर हो जाएगा। शराब, गांजा जैसे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में युवाओं के साथ ही अब महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कहना न होगा कि अराजक हो रहे अवेध कारोबार में अवस्यक बच्चों की संलिप्तता भी हो जाए।



### जागरूकता अभियान बना मजाक

नशे के दुष्परिणामों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भले ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन जिले में शराब, गांजा का जिस तरह से अवैध कारोबार पनप रहा है उसे देखकर जागरूकता अभियान महज रस्म अदाएगी ही नजर आ रहे हैं। शराब के कारोबार के नियमों की लंबी फेहरिस्त है लेकिन उनका पालन कराने की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वह अपने कर्तव्यों का पालन करने में कोताही बरत रहे हैं। अवैध कारोबार में संलिप्त माफियाओं को कहीं सफेदपोशों का संरक्षण मिला हुआ है तो कहीं अधिकारियों का अभयदान। शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी शराब की अवैध बिक्री से लोग परेशान हैं। सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी दफ्तरों से बाहर निकलने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। छुटपुट कार्यवाही कर कागजी खानापूर्ति की जा रही है। जागरूकता अभियानों को मजाक बनाकर रख दिया गया है।

शराब की दुकानें नियम विरुद्ध तरीके से सुबह 6 बजे से ही धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। वहीं गाँव–गाँव अवैध पैकारियाँ सक्रिय रूप से चल रही हैं जहाँ खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। दुकानों से शराब की पेटियां गाँव गाँव पैकारियों मे भेजी जा रही है। लोगों का कहना है कि अवैध शराब की बिक्री से गाँवों का सामाजिक और पारिवारिक माहौल बिगड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं होती जिससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों से सांठगांठ कर संरक्षण दिया गया है। नशे की आदि हो चुके नशेड़ियों के परिवार बर्बाद हो रहे हैं और युवा पीढ़ी इसकी गिरफ्त में आती जा रही है।

### विरोध प्रदर्शन में महज आश्वासन

शहरी हो चाहे ग्रामीण क्षेत्र शराब के अवैध कारोबार के चलते लोग खासे परेशान है। अवैध शराब बिक्री को लेकर लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं जबकि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा महज कार्यवाही का आश्वासन ही दिया जा रहा है। अभी हाल ही में कैमोरी गांव में शराब की अवैध बिक्री को लेकर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने चकाजाम प्रदर्शन किया। इससे पहले रीठी क्षेत्र में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। उमरियापान, स्लीमनाबाद, एनकेजे, बड़वारा थाना क्षेत्रों में भी कई बार ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही करने की मांग की गई लेकिन महकमा क नजरों में सब कुछ ठीक ठाक ही चल रहा है।


### विधायक का एसपी को पत्रः बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में अवैध पैकारियों पर रोक लगाने की मांग

बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांवों में अवैध पैकारी संचालन पर रोक लगाने विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कटनी को पत्र लिखा है। विधायक ने कहा कि गांवों में संचालित अवैध पैकारी युवाओं को अपराध एवं नशे की ओर धकेल रही है। पैकारियों के चलते नवयुवकों में चोरी और अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नशे की प्रवृत्ति से युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।समाज में अपराध का प्रसार हो रहा है। पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संचालित अवैध पैकारियों को तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई कर शासन के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### शराब की अवैध बिक्री एवं नशेड़ियों से लोग परेशान

विजयराघवगढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 की वार्ड पार्षद सरोज चौधरी का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार लिप्त लोगों पर कार्यवाही नहीं होने से माहौल में अराजकता बढ़ती जा रही है। शिकायतों पर भी जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 सहित अन्य वार्डों में शराब की अवैध बिक्री जोरो से हो रही है। शराबखोरी के चलते पारिवारिक कलह बढ़त जा रहा है। नशेड़ियों की हरकतों से महिलाओं का राहचलना दुश्वार हो रहा है। वार्ड के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दिन में जुआ सट्टा आदि खेलते रहते हैं शाम होते ही साथ में बैठकर शराब पीने के उपरांत गाली गलौज मारपीट भी करते हैं जिसके कारण बच्चों में भी असर पड़ रहा है। इसकी शिकायत पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी से की गई थी किंतु किसी तरह ठोस कदम न उठाए जाने पर असामाजिक लोगों की हरकतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से लोगों ने मांग की है कि किसी तरह की अप्रिय घटना होने से पूर्व जांच कराकर ऐसे लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### वाटरफॉल में डूब रहे युवक की बचाई जान

**कटनी।** घुघरा वाटरफॉल में नहाते समय एक युवक तेज बहाव में बहकर पत्थरों के बीच फंस गया। बिलहरी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बिलहरी एवं पुलिस स्टाफ तत्काल FRV वाहन सहित मौके पर पहुंचे। एक युवक पानी के भीतर पत्थरों की दत्ती (गुफानुमा हिस्से) में फंसा हुआ है। तेज बहाव और खतरनाक स्थिति के बावजूद पुलिस ने बिना समय गवाए स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। FRV वाहन से रस्सा निकालकर पुलिस स्टाफ ने सावधानी से रस्से को पानी में डाला। ग्रामीणों की मदद से पुलिसकर्मियों ने रस्से के सहारे युवक को धीरे-धीरे बाहर खींचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर आने के बाद युवक ने अपना नाम कमलेश कोल पिता हल्के कोल 30 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया परौहा बताया। युवक मानसिक और शारीरिक रूप से काफी थक चुका था लेकिन समय पर पुलिस पहुंचने के कारण उसकी जान बच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और पर्यटकों ने बिलहरी पुलिस के इस साहसिक और त्वरित कदम की जमकर सराहना की।

### रंजन हॉस्पिटल में हार्ट डिसीज चेकप व परामर्श शिविर आज

**कटनी।** आदर्श कॉलोनी स्थित रंजन हॉस्पिटल में आज 13 सितम्बर शनिवार को हृदय जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित हो रहा है। शिविर में प्रसिद्ध वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन शर्मा एमडी (मेडिसिन), डीएम (कार्डियोलॉजी) (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) मरीजों का परीक्षण करेंगे। ईसीजी, ब्लड शुगर, ईको कार्डियोलॉजी परामर्श, ब्लड प्रेशर की जांच के लिए रजिस्ट्रेशन मोबाईल नंबर 9009812021, 9644390111 पर किया जा सकता है।

### रक्तदान शिविर आज

**स्लीमनाबाद।** युवा जन सेवा समिति तेवरी एवम छात्र सभा के सौजन्य से समिति द्वारा 12वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेवरी में आज 13 सितंबर को समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल ने बताया कि शिविर में अगुंतको के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर जांच फ्री रहेगी। विदित हो कि युवाजन सेवा समिति तेवरी 2005 से विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा लगातार कार्य कर रही है, जिसमें तेवरी व आसपास के क्षेत्र के युवाओं का विशेष सहयोग रहता है, यह 12वां रक्तदान शिविर है इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में रक्तदान किया जाता है।

## विमं की मनमानी को लेकर किसानो ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश इकाई स्लीमनाबाद के बैनर तले किसानों ने विद्युत समस्याओ को लेकर शुक्रवार को विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहले स्लीमनाबाद सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर सहायक अभियंता तों बाद में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सारिका रावत को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौप समस्या निदान की मांग की। विद्युत समस्या निराकरण न होने पर आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया गया।



### ये है किसानों की मांगें

सौपे गए ज्ञापन से मांग की गईं कि आगामी रबी सीजन का समय आने वाला है उसके लिए कृषि बिजली 10 घंटे रेग्युलर दी जाये। सरकार वर्तमान मै जो 10 घंटे बिजली देने का प्रावधान है उसमें अघोषित कटोती कर 6-7 घंटे ही बिजली दी जा रही है जिससे रबी सीजन कृषि कार्य प्रभावित होगा साथ ही जो जले ट्रांसफार्मर है उन्हें शीघ्र बदलकर नए लगाए जाये। लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाई जाये। स्थाई कनेक्शन लेने वाले के आवेदन पर कनेक्शन स्थाई किये जाने सभी कनेक्शन लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाई जाये।

विद्युत विभाग के द्वारा बिना किसी सर्वे किये मनमाने तरीके से विद्युत का अधिभार बढ़ाया गया है, जिससे किसानों को अतिरिक्त विद्युत बिल राशि जमा करनी पड़ रही है। 3 एचपी के पम्प कनैक्शन को बिना किसी सर्वे के 5 व 7 एचपी के कर दिये गये है। विद्युत विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर की उचित व्यवस्था नहीं की जाती है जहाँ 100 एचपी का ट्रांसफार्मर चाहिए वहाँ 60 एचपी का लगाया जाता है ओर 200 एचपी का चाहिए वहाँ 100 का लगाया जाता है जो कि विद्युत विभाग की खुलेआम मनमानी है। इसलिए खेत- खेत जाकर जाँच की जाये ओर किसानों को न्याय दिया जाये। यदि आगामी दिनों मैं विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था मैं सुधार नही हुआ तो फिर सड़को पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष प्रकाश पुरी, तहसील मंत्री प्रहलाद यादव, प्रकाश पुरी सहित बड़ी संख्या मे किसानो की उपस्थिति रही।

### लगातार हो रही वारदातों से लोगों में दहशत, किया प्रदर्शन



खिरहनी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्रवासी दहशत में जीने को मजबूर हैं। गुरुवार की रात भी बड़ी खिरहनी इलाके में अज्ञात बदमाशों ने कई घरों में चोरी की वारदात करने का प्रयास किया। हालांकि लोगों के जागने और शोरगुल करने पर चोर भाग निकले, लेकिन इन घटनाओं से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों और पुलिस को कई बार सूचित करने के बावजूद गश्त नहीं बढ़ाई जा रही है। शुक्रवार दोपहर छोटी खिरहनी में आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि पुलिस सिर्फ रात्रि गश्त बढ़ाने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। चोरी की घटनाएं पुलिस की कार्रवाई और दावों की सच्चाई उजागर कर रही हैं। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में खौफ का माहौल है और लोग अब खुद ही रातभर जागकर चौकसी करने को मजबूर हो गए हैं।

## राशि को राजसात कर तत्काल प्रभाव से निविदा की निरस्त, निविदाओं में भाग लेने किया प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**निविदा शर्त एवं अनुबंध का पालन नहीं करनें पर निगमायुक्त ने की कार्यवाही**

स्ट्रीट लाईट लगाये जानें के कार्य को निर्धारित समयसीमा में प्रारंभ न करने, निर्देशों की निरंतर अवहेलना करते हुए निविदा शर्तो एवं अनुबंध का पालन न कर मूलभूत सुविधा को प्रभावित करने के कृत्यक को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे नें अ श्रेणी विद्युत ठेकेदार विजया कंस्ट्रक्शन की निविदा में प्रस्तुत परफार्मेंस एवं अतिरिक्त परफार्मेंस गारंटी राशि को राजसात कर तत्काल प्रभाव से निविदा निरस्त कर नगर निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेनें हेतु दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया है।

### यह है मामला

नगर में कटाए घाट मोड श्री हनुमान मंदिर से कटाए घाट नदी तक स्ट्रीट लाईट लगाये जाने कार्य 26 मई 2022 अनुसार 60 दिवस के अंदर पूर्ण किया जाना था। किंतु संबंधित ठेकेदार द्वारा समय सीमा में कार्य प्रारंभ करने पर सूचना पत्र के माध्यम कई बार सूचित किये जाने पर संबंधित ठेकेदार द्वारा न ही कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही स्थल पर कार्य प्रारंभ किया गया। तदोपरांत संबंधित अधिकारियों द्वारा कई बार मौखिक रूप से निर्देशित करने पर कार्य प्रारंभ कर 20 प्रतिशत कार्य किया जाकर पुनः कार्य बंद कर दिया गया है। जिसपर संबंधित ठेकेदार को 15 दिवस के अंदर कार्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए, किन्तु संबंधित द्वारा निर्देशों की अव्हेलना करते हुए मूलभूत सुविधा अंतर्गत सड़क प्रकाश व्यवस्था को प्रभावित किया गया।

निविदा शर्तों एवं अनुबंध का पालन नहीं करनें एवं मूलभूत सुविधा को प्रभावित करने के ठेकेदार के इस कत्य को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त दुबे ने निविदा में प्रस्तुत परफार्मेस गारंटी एवं अतिरिक्त परफार्मेस गारंटी राशि राजसात करते हुए तत्काल प्रभाव से निविदा निरस्त कर दी है तथा ठेकेदार को नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया है।

**कांग्रेसियों ने विद्युत मंडल कार्यालय में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

## विद्युत विभाग की तानाशाही एवं जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जाने पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिजली समस्याओं को लेकर मप्र बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के मार्गदर्शन में तथा साथ ही युवक कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस एवं सेवा दल के संयोजन में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिजली प्रकोष्ठ मौसुफ बिट्टू के नेतृत्व में प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष सतवीर सिंह भाटिया एवं प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष आदित्य दुबे के द्वारा जोरदार प्रदर्शन गणेश चौक स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में किया गया।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभारी अभियंता को शहर में बिजली समस्या से परेशान आम जनता की तकलीफों की ओर ध्यान आकर्षित कराया। जबरदस्ती लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं पुराना मीटर भले ही सही हो लेकिन नया स्मार्ट मीटर लगाने हेतु दबाव बनाया जाता है यदि कुछ लोग जिन्होंने अपना मीटर नहीं बदलवाया है तो उन्हें धमकाया जाता है कि उनकी बिजली बिल की रीडिंग नहीं ली जाएगी और अपने हिसाब से उन्हें बिल भेजा जा रहा है साथ ही साथ आए दिन बिजली की अनाप शनाप कटौती और किसी की बिजली जाने पर दो-दो दिन भी बिजली सुधार कार्य नहीं किया जाता है तरह-तरह के अनावश्यक शुल्क बिजली उपभोक्ताओं के ऊपर विभाग द्वारा थोपे जा रहे हैं,तारों का मकड़जाल पूरे शहर में फैला हुआ है तारें काफी नीचे झूल रहीं हैं थोड़े दिन में दशहरा पर्व का भी आगमन है, बिजली विभाग से आम जनमानस बहुत ही परेशान है जिन अनेक समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन और आंदोलन एमपीईबी के खिलाफ किया गया।

प्रदर्शन कार्यक्रम उपरांत ज्ञापन प्रदाय किया गया और कहा गया कि यदि उल्लिखित मांग समस्या का निराकरण समय रहते नहीं किया गया तो फिर आंदोलन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका भी लगाई जाएगी

ज्ञापन सौंपने के समय दिव्यांशु अंशु मिश्रा , ईश्वर बहरानी,चोखे भाईजान, विनीत जायसवाल, कल्लूदास बैरागी आदि शामिल रहे।

### साइबर क्राइम, यातायात नियमों व गुड़ टच -बैड टच को लेकर किया जागरूक

## अनजान व्यक्ति को कभी शेयर न करें ओटीपी, निजी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही बाल मित्र योजना के तहत बहोरीबंद पुलिस के द्वारा बहोरीबंद मै संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र -छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया गया। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने वर्तमान मै बढ़ रहे साइबर संबंधी अपराध को लेकर प्रमुखता के साथ विद्यार्थियों को जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो।उन्होंने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।किसी अनजान के साथ आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य किसी भी तरह की निजी जानकारी साझा नहीं करें। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दिनों मोबाइल पर अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके लिए उन्होंने कहा कि एसएमएस व वाट्सअप के माध्यम से आए किसी भी लिंक को क्लिक न करें। फोन, ईमेल, एसएमएस या वाट्सअप पर आए नौकरी, लाटरी जैसे विज्ञापनों पर विश्वास न करें।



एटीएम से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी भी अंजान व्यक्ति की सहायता न लें। अपने एटीएम पिन को समय समय पर बदलते रहें। फोन और एप को हमेशा नए वर्जन के साथ अपडेट रखें और सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जरूरत से ज्यादा निजी जानकारियां शेयर न करें। वन टाइम पासवर्ड का इस्तेमाल आपके बैंक खाते से रुपये चुराने के लिए किया जा सकता है,इसलिए उसे किसी अन्य से साझा करने से बचे।अगर किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है,या फिर कोई ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने यातायात के नियम जैसे हेलमेट धारण न करने, सीट बेल्ट न लगाने , नाबालिग बच्चो से वाहन न चलाने , बिना लायसेंस के वाहन न चलाने , शराब पीकर वाहन न चलाये दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बिठाये आदि नियम समझाये गये। साथ ही महिला सबंधी अपराध , गुड टच एवं बेड टच,नवीन आपातकालीन सेवा 112 के बारे में जानकारी दी गई। इसी के साथ-साथ छात्रों को नवीन अपराधिक अधिनियम,बाल विवाह उन्मूलन, पोक्सो एक्ट के अपराधों के संबंध में भी जानकारियां दी गई। गुड़ टच -बैड टच को लेकर भी जागरूक किया।

## पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आज होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा शनिवार 13 सितंबर को निगम कार्यालय सहित विभिन्न चार अन्य स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चैक खिरहनी, माधव नगर उप कार्यालय एवं सुभाष चैक में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को छूट का प्रदान किया जायेगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निगम के सभी करदाताओं से 13 सितंबर को आयोजित होने वाली इस लाभकारी लोक अदालत में मिलने वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश लोक अदालत का अधिक से अधिक करदाताओं को लाभ पहुंचाने के हेतु राजस्व विभाग एवं जल प्रदाय विभाग की गठित टीम के माध्यम से करदाताओं को फोन करने के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से बकाया देयक राशि की एवं लोक अदालत के दौरान मिलने वाली छूट की जानकारी दी जा रही है, ताकि पूर्व सूचना अनुसार अधिक से अधिक करदाता लोक अदालत के आयोजन से लाभान्वित हो सके।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ चिन्हित चार अन्य स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही नगर के करदाता घर बैठे ही सुविधाजनक तरीके से ई नगर पालिका पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अपनें बकाया संपत्ति कर एवं जलकर एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार की बकाया राशि का ऑनलाईन भुगतान कर लोकअदालत के दौरान अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए समस्त तैयारियां पूर्ण की जाकर शासन द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक करदाताओं को बकाया राशि के अधिभार में देय छूट को प्रदान किये जाने के प्रयास किये जाएगें।

## खबर संक्षेप



### ग्राम रोजगार सहायको को दो माह से नहीं मिला वेतन

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायतों मै कार्यरत ग्राम रोजगार सहायको को दो माह से वेतन नहीं मिला है जिस कारण रोजगार सहायको की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गईं है, जीविको पार्जन का संकट गहरा गया है। दो माह का लंबित मानदेय जुलाई व अगस्त माह का जल्द से जल्द हो इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक ने बहोरीबंद जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंप मांग की। ग्राम रोजगार सहायक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अजय पाल यादव ने बताया कि रोजगार सहायकों का दो माह से मानदेय नहीं मिल रहा है जिस कारण रोजगार सहायक आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। इसलिए मानदेय भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये साथ ही सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायको को सचिव अधिकार दिये जाये। इस दौरान अन्य ग्राम रोजगार सहायको की उपस्थिति रही।

### गोपालपुर स्कूल के प्रभारी प्रचार्य को कारण बताओ नोटिस

**उमरियापान।** गोपालपुर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार चक्रवर्ती को प्रभारी बीईओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। दो दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। ढीमरखेड़ा के प्रभारी बीईओ लखन बागरी ने बताया कि गोपालपुर स्कूल के प्रभारी प्रचार्य द्वारा सीएम हेल्पलाइन नम्बर पर की गई शिकायत के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। अनेकों बार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अवगत कराया गया, लेकिन प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार चक्रवर्ती द्वारा सीएम हेल्पलाइन जैसे संवेदनशील कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

### विधिक साक्षरता शिविर में दी गई जानकारियां

**ढीमरखेड़ा।** तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत देवरी बिछिया मैं मध्य प्रदेश विधिक साक्षरता सेवा प्राधिकरण पत्र के पालन में अध्यक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कटनी के जितेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई जिसमें मजदूरी से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी मैं शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर शोभायात्रा कल

**कटनी।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर कल 14 सितंबर को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। विश्वकर्मा पूजा हर साल 17 सितंबर को मनाई जाती है। भगवान श्री विश्वकर्मा की शोभायात्रा कल 14 सितंबर को दोपहर 2.00 बजे से सिविल लाईन से आरंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से -गणेश चौक, विश्वकर्मा पार्क, जयदयाल रोड़, झण्डा बाजार, गांधी द्वार से वापसी सुभाष चौक, कमानिया गेट, हनुमान मंदिर, विश्वकर्मा पार्क से गणेश चौक होते हुऐ विश्वकर्मा मंदिर सिविल लाईन में समापन होगा जिसमें सभी समाजिक बन्धुओं की उपस्थिति रहेगी उपरोक्त की आशय की जानकारी उपाध्यक्ष अशोक असोड़िया ने दी।

---

**समीक्षा बैठक में जिला सीईओ ने कहा अपूर्ण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं**

# लापरवाही पड़ी भारी, दो उपयत्रियों के वेतन कटौती और एक को चेतावनी पत्र जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत अपूर्ण निर्माण कार्यों को तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं। श्रमिक नियोजन में वृद्धि एवं लेबर बजट को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करें। इस आशय के निर्देश शुक्रवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों को दिए। श्री गेमावत ने जनपद पंचायत वार निर्धारित एजेंडा के अनुसार मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मध्याह्न भोजन कार्यक्रम (एमडीएम),15वां वित्त,मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा करते हुए जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने सख्त लहजे में कहा कि राज्य शासन और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अत्यंत संवेदनशीलता के साथ करें, इसमें कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने



नाराजगी जताते हुए कहा कि लापरवाह लोक सेवकों को नहीं बक्शा जायेगा। मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए श्रमिक नियोजन एवं लेबर बजट में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं समाधान कारक उत्तर नहीं देने पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के उपयंत्री संदीप डेहरिया एवं देवनंदन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के पारिश्रमिक/वेतन कटौती के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी की उपयंत्री आरती पाल द्वारा भी मनरेगा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर चेतावनी पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए आवास पूर्णता,ई केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनपद पंचायत बड़वारा के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बीसी अंकित श्रीवास्तव के अनुपस्थित रहने एवं योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाने पर नाराजगी जताई एवं कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत समीक्षा के दौरान जिला और खंड स्तरीय विभागीय योजना प्रभारियों से रूबरू हुए। उन्होंने योजनाओं में प्रगति लाने सुझाव लिए और आगामी बैठक के पूर्व लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं अन्य स्तरों से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण एवं तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त लंबित शिकायतों के प्रतिवेदनों की जानकारी ली।

#### न्यायालयीन प्रकरणों में तत्परता पूर्वक करें आवश्यक कार्रवाई

समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने विधि शाखा में माननीय न्यायालय में रिट पिटिशन एवं अवमानना के प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत किए जाने के संबंध में जानकारी ली। न्यायालयीन प्रकरणों में तत्परता से यह यथोचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्व अनुराग मोदी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से कार्यपालन यंत्री गौरी शंकर खटीक, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, सहायक परियोजना अधिकारी विजय लक्ष्मी मरावी एवं मृगेंद्र सिंह, एनआरएलएम की डीपीएम शबाना बेगम आदि उपस्थित रहीं।

---



# आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एन. के.जे. क्षेत्र में आये दिन घटित हो रहीं अनैतिक गतिविधियों से क्षेत्र में फैली दहशत के चलते आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के निष्क्रिय रवैया को सक्रिय करने के मकसद से क्षेत्रवासियों ने क्षेत्रीय पुलिस स्टेशन का घेराव करते हुए, एन. के. जे. थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में लगातार घटित हो रही घटनाओं में चाकूबाजी, चोरी, डकैती गुंडागर्दी, सट्टा, जुआ, सार्वजनिक स्थानों में शराबखोरी, जैसी समाज विरोधी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग किये ।

गौरतलब है कि वर्तमान में उपनगरीय क्षेत्र में आसमाजिक तत्वों की बढ़ रही अनैतिक गतिविधियों से यहाँ के क्षेत्रीय वासिन्दे अपने आपको पूर्णतः असुरक्षित महसूस करते हुए, दहशतमय में जीवन जीने हेतु विवश हैं। क्षेत्रीय पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्रीय सभ्रान्त लोग रात रात भर जागकर अपने जान -माल के सुरक्षा की गारंटी पुलिस प्रशासन से चाह रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही करने की मांग पर अड़े रहे। थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्रवासियों की चिंता पर सकारात्मक कदम उठाने और उनके द्वारा चाही गयी जान माल की सुरक्षा पर पहले से कहीं अधिक सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मनोज गुप्ता, कमल पांडेय, आफताब अहमद, विनीत जायसवाल,कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत, विवेक विरहा, नारायण प्रसाद समदरिया, दयाराम सिहोटे, प्रेमनारायण पठारिया, सोहन लाल मिश्रा, शिवप्रताप सिंहठाकुर, श्रीमती हेमलता,ओंकार विश्वकर्मा, राजेश शान भाई आदि शामिल रहे।

---

*मिशन वात्सल्य एवं शक्ति अंतर्गत बालिकाओं को किया गया जागरूक*

# बालिका सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर जागरूकता सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति छात्रावास कटनी में मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति अंतर्गत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती द्वारा बालिकाओं को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' एवं 'हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' की जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को 112 एकीकृत आपातकालीन रिस्पांस सेवा,



महिला हेल्प लाइन 181 एवं वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को बालिका एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों के बारे में बताया गया।

तत्पश्चात मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी, कटनी द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012 के बाल मित्र प्रावधानों एवं बाल सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर बालिकाओं को जानकारी दी गई। उनके द्वारा गुड टच और बैड टच को पहचानना, विपरीत परिस्तिथियों में स्वयं के बचाव एवं चाइल्ड हेल्पलाइन पर चर्चा की गई। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों के लिए चौबीस घंटे संचालित आपातकालीन सेवा है। कोई भी बच्चा अगर मुसीबत में है, तो टोल फ्री नंबर 1098 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने पॉक्सो ई - बॉक्स एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की जानकारी भी बालिकाओं को दी। बालिकाओं द्वारा रोचक प्रश्न भी किये गये, जिनका समाधान वक्ताओं द्वारा किया गया।

अधीक्षक साधना त्रिपाठी द्वारा उपयोगी प्रशिक्षण हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

---

**विजयराघवगढ़ आदि कर्मयोगी पंचायत के तहत हुई वर्कशॉप**



भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 11 ,12 और 13,14 सितम्बर तक प्रस्तावित है विकासखंड विजयराघवगढ़ में क्लस्टर स्तरीय आदि कर्मयोगी पंचायत रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस ग्रुप (PRGG) ओरियंटेशन एवं वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी/अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने उद्बोधन देते हुए कहा कि "आदि कर्मयोगी अभियान भारत सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समाज को सशक्त बनाना और सेवा की पहुँच अंतिम छोर तक सुनिश्चित करना है। मुझे गर्व है कि एसडीएम पद पर रहते हुए इस अभियान से जुड़ने और इसे आगे बढ़ाने का अवसर मिला। मैं और आप सभी साथी मिलकर संकल्प लें कि हमारा ब्लॉक विजयराघवगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करे।" उन्होंने आगे कहा कि यह योजना पंचायत स्तर पर विकास की खाई (Gap) को पाटने में मील का पत्थर साबित होगी। अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना से कार्ययोजनाएँ तैयार कर प्रत्येक परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सकेगा।

---

# 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की कार्यशाला का आयोजन, तैयारियों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुसार एवं जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर प्रदीप सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कटनी के सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ₹स्वच्छ और सजल ग्राम₹ की कल्पना को साकार करने हेतु नव-निर्मित ₹सरपंच संवाद₹ मोबाइल ऐप का की जानकारी एवं 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले ₹स्वच्छता ही सेवा₹ पखवाड़े की तैयारियों पर चर्चा करना था।

कार्यशाला में जनपद पंचायत कटनी के निर्वाचित सरपंचों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत अन्य हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल द्वारा ₹स्वच्छता ही सेवा₹ पखवाड़े के दैनिक कैलेंड अनुसार आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष यह पखवाड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दौरान सामूहिक श्रमदान, रैलियाँ, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूकता अभियान, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताए, स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हितधारकों का सम्मान जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों से इस पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा समय पर रिपोर्टिंग करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के एक अन्य महत्वपूर्ण अंग के रूप में, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि तथा संधान ट्रस्ट के श्री योगेश पांडे ने ₹सरपंच संवाद₹ मोबाइल ऐप की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने न केवल ऐप की विशेषताओं और उपयोगिता से अवगत कराया, बल्कि लाइव डेमो देकर इसे डाउनलोड करने और संचालित करने का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया।

---

*अग्रिम खाद भंडारण एवं डबल लॉक गोदाम बनाये जाने की मांग*

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघ ने निकाली रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

भारतीय किसान संघ मध्य प्रदेश महाकौशल प्रांत तहसील इकाई ढीमरखेड़ा के किसानों ने रवि फसल के लिए खाद का अग्रिम भंडारण समय पर किए जाने और अन्य 11 मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निधि गोहल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों को हर वर्ष हो रही समस्याओं के निराकरण करवाने की मांग की गई है।

#### ज्ञापन में शामिल मांगें

रवि फसल के लिए खाद का अग्रिम भंडारण समय पर किया जाना,ढीमरखेड़ा तहसील में डबल लाक गोदाम बनाई जाए, जब तक डबल लाक की व्यवस्था नहीं है तब




तक दशरमन एवं खमतरा में मार्केटिंग की दुकान से खाद की व्यवस्था की जाये, रवि सीजन को देखते हुए जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलवाने की व्यवस्था की जाए, जंगली जानवरों की व्यवस्था सूनिश्चित की जाए, बंदरों के आतंक से किसानों की फसल बचना मुश्किल हो रहा है बंदरों की व्यवस्था अति शीघ्र की जाए, किसान सम्मान निधि की राशि ₹20000 की जाए, धान की बोनस राशि अभिलंब किसानों के बैंक खातों में डाली जाए, बरगी मुख्य नहर से लगे ग्राम बम्हनी उमरिया पान टोपी मुडिया पुरवा,पचपेड़ी धोरेसर के किसानों की लगभग 10000 एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है नई उपनहर बनाकर सिंचित की जावे, माइक्रो सिंचाई योजना ग्राम करौंदी में नहीं है पाइप द्वारा ग्राम में सुविधा दी जाए, पान उत्पादक किसानों के लिए अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाए। इन मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ मध्य प्रदेश महाकौशल प्रांत तहसील इकाई ढीमरखेड़ा द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है और समस्या का निराकरण करवाने का प्रयास किया जा रहा है। वही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा निधि गोहल द्वारा किसानों को बताया गया की डबल लाक गोदाम के लिए ढीमरखेड़ा तहसील में जगह चिन्हित हो गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा,कृषि आयाम प्रमुख सतीश ज्योतिषी, विद्युत आयाम प्रमुख संजय ज्योतिषी, आशीष चौरसिया आदि शामिल रहे।

---

**लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्रभारी आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रभारी आयुक्त शैलेश गुप्ता ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को नियमित रूप से फॉलो कर प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समयावधि में सकारात्मक निराकरण करना सुनिश्चित करें। यदि कोई शिकायत आपके विभाग से संबंधित नहीं है और आपके पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है तो उसे तत्काल संबंधित विभाग की ओर प्रेषित कर संबंधित लेबल अधिकारी को सूचित करें ताकि ऐसी शिकायतों का भी समय रहते निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, अश्वनी पांडे, संजय मिश्रा, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, शैलेन्द्र



प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, लेखापाल श्रीकांत तिवारी, योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रभारी आयुक्त गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 50 दिवस से अधिक दिनों से लंबित प्रकरणों एवं ग्रेडिंग की शिकायतों के निराकरण पर प्राथमिकता से फोकस करें। इस दौरान नगर निगम की विद्युत शाखा, पेंशन शाखा, स्वास्थ्य विभाग, भवन अनुज्ञा, लोक निर्माण विभाग, पेयजल, सीवरेज, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवारा मवेशी सहित जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर संबंधित लेवल अधिकारियों को लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभारी आयुक्त श्री गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों को रोजाना का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शिकायतों का निराकरण कराने तथा की गई कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन से ग्रुप के माध्यम से अवगत कराने के निर्देश बैठक के दौरान दिए।

### 16 दुकानदारों को जारी हुआ नोटिस, राशि जमा नहीं करने पर लीज होगी निरस्त

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु बकाया करों की वसूली के प्रयास तेज कर दिये है। जिसके तहत निगम स्वामित्व की प्रियदर्शनि बस स्टेंड की 16 दुकानों के किरायेदारों द्वारा लंबे समय से किराया राशि निगम कोष में जमा नहीं करने को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक नें किरायेदारों के उक्त कृत्य को अनुबंध पत्र में वर्णित प्रावधानों के विपरीत मानते हुए 7 दिवस के अंदर बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करनें हेतु सूचित किया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक जारी जारी सूचना पत्र में संबंधित 16 किरायेदारों को निर्धारित समयावधि में बकाया किराया राशि जमा नहीं करने की स्थिति में दुकानों की लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए दुकानों को वापस निगम स्वामित्व में लेने की कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने का लेख किया गया है।

---

# मंदिर निर्माण लेकर चल रही तकरार का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपरा में हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर हिन्दू व मुस्लिम समुदाय में वाद -विवाद की स्थिति बनी हुई थी जिसका निराकरण गुरुवार को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियो ने ग्राम पंचायत भवन मै बैठक आयोजित कर किया।

बैठक में जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल, एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चौरसिया, तहसीलदार सारिका रावत, थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन, सरपंच सुषमा गुप्ता सहित हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष बंसल द्वारा मध्यस्ता कर वाद विवाद को शांत कराया गया जिस पर मुस्लिम पक्ष राजी हो गया और हनुमान मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

सरपंच पति नीरज गुप्ता ओर ग्रामवासियों द्वारा मंदिर दीवार से 10 फिट भूमि की मांग की गईं जिसमें भूमि मालिक मोहम्मद इसरायल ने स्वेच्छा से 6 फुट भूमि देने में सहमति जताई जिसमें गाँधी स्मारक के पास व उसके पीछे बिजली के खम्भे से जगह खाली करेंगे। गाँधी स्मारक के निर्माण के बाद संरक्षित करने के लिए बाउंड्रीबाल का निर्माण किया जायेगा। निर्माण कार्य के दौरान किसी का आवागमन अवरुद्द नहीं किया जायेगा। कब्रिस्तान के लिए पंचायत द्वारा भूमि आरक्षित की जाएगी।

गौरतलब है गत दिनों सरपंच पति नीरज गुप्ता सहित हिन्दू समुदाय के द्वारा हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कर दिया गया था जिसके बाद हिन्दू व मुस्लिम समुदाय की वाद -विवाद की स्थिति बन गईं थी। मामला न्यायलय में चल रहा था। बैठक में मामले का शांतिपूर्वक निराकरण हो गया।

**खबर संक्षेप**

## पत्रकार संजय सिंह राजपूत के आकस्मिक निधन पर दी श्रद्धांजली

**कलेक्टर ने भी जताया शोक**

**पन्ना।** पन्ना जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह राजपूत का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया था। गत माह स्वास्थ्य खराब होने पर भोपाल के चिरायु अस्पताल में पत्रकार स्व. राजपूत का उपचार हुआ एवं स्वस्थ्य होने के उपरांत गत सप्ताह पन्ना वापस लौटे, किंतु 10 सितम्बर की रात्रि से पुनः स्वास्थ्य खराब होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा 11 सितम्बर की रात्रि में सतना रेफर करने के बाद पत्रकार का सतना पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही असामयिक निधन हो गया। शुक्रवार को अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत गृह ग्राम रमजूपुर में दिवंगत पत्रकार का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी शामिल हुए। पत्रकार के निधन पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने भी शोक जताया। सर्किट हाउस पन्ना में पत्रकारों ने मौनधारण कर स्व. संजय सिंह राजपूत को विनम्र श्रद्धांजली दी।

## श्रीमती राजकुमारी गुप्ता का निधन

**हटा।** किराना व्यापारी सचिन उर्फ बीटू बड़ोनिया (गुप्ता) की मां



श्रीमती राजकुमारी गुप्ता पति परशुराम गुप्ता (72) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे मुन्नालाल सुहाने, दिनेश सुहाने, ब्रजेश सुहाने की बहन थी। इनकी अंतिम यात्रा में नगर के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। बड़ी संख्या में व्यापारी संघ ने शोक व्यक्त किया।

### पतलौनी में मां चंडी टोरिया के पूरे प्रांगण में टीन शेड बनाने की दी सौगात

# मंगल भवन का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ में 11 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की सेवा पखवाड़ा की बैठक में मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने भाग लिया। इसके पश्चात मंत्री जी पतलोनी ग्राम पहुंचे जहां 15 लाख की लागत से मां चंडी टोरिया प्रांगण में बने मंगल भवन का लोकार्पण मंत्री जी व जनप्रतिनिधियों ने भवन के द्वार पर पूजा अर्चना की। भगवान श्री राधा कृष्ण व मां सरस्वती के चित्र पर फूल माला श्री फल चढाकर मंत्री जी ने फीता काट कर भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद भवन का अवलोकन किया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियो को मंत्री जी ने संबोधित करते हुये कि कहा आपने हमको वोट दिया, हम मंत्री बने आपका ऋण हम अनेकों वर्षों तक नहीं चुका पाएंगे। ग्राम बसियो की सराहना करते हुऐ कहा कि आपकी हर मांगे पूरी करेंगें। 15 लाख की लागत से मंगल भवन बन गया जो ग्राम वासियों को बहुत लाभदायक होगा। भवन से विवाह, सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे काम होंगे। स्कूलो को सरकार ने देना बंद कर दिया है। मां चंडी टोरिया के पूरे प्रांगण में 60x130 लंबा चौड़ा टीन सेट 25 लाख की लागत से बनेगा।आपकी हर मांग हम पूरा करेंगे। ग्राम वासियों को मंत्री जी ने सुंदर नेक अच्छा सुझाव देकर कहा कि नशा नाश की जड़, मौत का बुलावा है। नशा शराब बंद करो। नशा करना है तो भगवत भक्ति, समाज सेवा, गरीबों की मदद करने का नशा करो। पतलोनी में वृद्धा पेंशन के संबंध में ग्राम वासियों को अवगत कराया। 861 लाडली बहनाओं को 1250 रुपया मिल रहा है जिसे अब बढ़ाया जाएगा। दीपावली की भाई दोज को ढाई सो रुपए बढाकर पहले 1500 होंगे, दूसरा 1700, तीसरा 2000 चौथी बार सन 2028 तक 1000 बढ़कर कुल 3000 रुपया लाडली बहनों को दिये जाएगे। जो लाडली बहनाओं के नाम छूट गए उनको मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आश्वस्त किया है कि नाम जुड़वाएंगे। हमारी भारतीय जनता पार्टी हर वायदा पूरा करेगी। ग्राम पतलोनी में अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकान 427 बनकर तैयार हो गए और 512 व्यक्तियों का सर्वे किया गया जिनके पक्के मकान और बनाए जाएंगे। मंत्री जी ने पिछले वर्ष हुए कन्या विवाह के आंकड़ा बताया हुए कहा कि तेंदूखेड़ा में 1700 जबेरा में 1400 कन्या विवाह किए गए जिनको 49000 हजार की राशि का चेक दिया गया। मंत्री जी की घोषणाओं को सुनकर ग्राम वासियों ने तालिया बजाकर हृदय से स्वागत किया। इस अवसर मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, भारत सिंह नायब तहसील दार चंन्द्र शेखर शिल्पी, थाना प्रभारी अरविन्द सिंह, तेजगढ सरपंच तिजा बाई, नरहर सिंह, और ग्राम के गणमान्य जन जनता और पार्टी के पदाधिकारी रहे।कार्यक्रम का संचालन आभार व्यक्त बेडी सिंह ने किया।

# कथा में भक्तों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां मनाई

**हिनौताकला।** ग्राम हिनौता कला में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण में 16 कलाओं से परिपूर्ण योग योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव की खुशियां मनाई। भाव विभोर होकर खूब बधाई नृत्य किए। कथा व्यास पंडित श्री गोविंद प्रसाद पांडे ने जब देवकी और वासुदेव के कारागार के कष्ट का व्याख्यान किया। तब सभी की आंखें नम हो गई और जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो कथा श्रोता झूम उठे कथा श्रवण करने आए श्रद्धालु अपने घर से छोटे-छोटे बच्चों को कृष्ण बनकर कथा पंडाल में पहुंचे एवं गुड़ के लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया गया कथा में श्रद्धालुओं को पितृपक्ष में कथा सुनने का महत्व भी कथा व्यास जी ने बताया पितृपक्ष में जो व्यक्ति कथा श्रवण करता है उसका फल उनके पूर्वजों को भी प्राप्त होता है।

ग्राम हिनौता कला में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण में 16 कलाओं से परिपूर्ण योग योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव की खुशियां मनाई। भाव विभोर होकर खूब बधाई नृत्य किए कथा व्यास पंडित श्री गोविंद प्रसाद पांडे जी ने जब देवकी और वासुदेव के कारागार के कष्ट का व्याख्यान किया तब सभी की आंखें नम हो गई और जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो कथा श्रोता झूम उठे कथा श्रवण करने आए। श्रद्धालु अपने घर से छोटे-छोटे बच्चों को कृष्ण बनकर कथा पंडाल में पहुंचे एवं गुड़ के लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया। गया कथा में श्रद्धालुओं को पितृपक्ष में कथा सुनने का महत्व भी कथा व्यास जी ने बताया पितृपक्ष में जो व्यक्ति कथा श्रवण करता है उसका फल उनके पूर्वजों को भी प्राप्त होता है।

# जबेरा में उत्साह से मनाया गया उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के सभी शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में प्राचार्य जवाहर प्रधान के मार्गदर्शन एवं सेवानिवृत शिक्षक टीएस चौहान, सेवानिवृत्त प्राधान अध्यापक देवी प्रसाद शर्मा, नारायण शर्मा के आथित्य और समस्त विद्यालय स्टाफ एवं अनेकों छात्राओं की उपस्थिति में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्ययनरत छात्राओं द्वारा में और मेरा समाज, मोबाइल बुरी बला एवं बाल विवाह एक कुप्रथा आदि को लेकर जन जागरूकता लाने वाले शानदार नाटकों का प्रस्तुतीकरण किया गया तो वहीं देशभक्ति और प्रेरणादाई एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को रोमांचित कर दिया। जिसे उपस्थित अतिथियों द्वारा जमकर सराहा गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान ने कहा कि हमारे विद्यालय की छात्राएं शिक्षा संस्कार और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट हैं और आज की प्रस्तुति से छात्रों ने यह साबित कर दिया की प्रतिभा किसी चीज की मौहताज नहीं होती उसे बस प्रोत्साहन की जरूरत होती है यह छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों से आकर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती हैं किंतु इन में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है हम सभी छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं कि वह शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी इसी तरह शानदार प्रस्तुति देकर विद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को शिक्षण सामग्री देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चित्रर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक गणेश झारिया, नीलिमा तिवारी, भानु प्रताप सिंह, रूपसिंह ठाकुर, हेमंत तिवारी, अमित सेन, भूपेंद्र भदौरिया, अभिषेक शर्मा, मनोज साहू, उर्मिला श्रीवास्तव, दुर्गेश रैकवार, मंसा जैन, ओमती लोधी, शिवानी राजपूत, खान मैडम, भान सिंह, रतन सिंह, देवेंद्र राजपूत अनेकों छात्राओं की उपस्थिति रही।

### पूरी सड़क पर रख दी बड़ी-बड़ी लकड़ीयां, जिससे वाहनों का आवागमन हुआ बाधित

# बस स्टैंड को बनाया दिया उत्पात का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



बटियागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखेड़ी में स्थित बस स्टैंड शुक्रवार को एक शर्मनाक घटनाक्रम का गवाह बना, जब एक व्यक्ति ने खुलेआम हंगामा किया और राहगीरों के साथ गाली-गलौज करने लगा। यह घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पास की शराब दुकान से शराब पीकर आया था। और बस स्टैंड में खड़े लोगों के साथ अभद्रता करने लगा। नशे में चूर व्यक्ति द्वारा लगातार गालियां देने और बदतमीजी करने से वहां अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उसने हटा बटियागढ़ मार्ग पर बड़ी-बड़ी लकड़ियां रख दिए जिससे वाहनों का आवागमन में अवरुद्ध उत्पन्न हो गया। स्थानीय दुकानदार के द्वारा रोड पर जाम की स्तिथि निर्मित करने की कोशिश की गई। कुछ समय बाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि हर्षित उदेनिया वहां पहुंचे और शराबी को समझा कर रोड से लकड़ियां हटाई और जाम खोला गया। इस पूरे मामले की जानकारी थाना बटियागढ़ को भी दी गई है।

थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि अभी तक इस घटना को लेकर कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। जैसे ही शिकायत मिलती है, मामले की जांच की जाएगी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची भी थी, लेकिन जब तक उत्पात मचाने वाला व्यक्ति वहां से भाग निकला।



## भजन एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रियकारिणी संभाग दमोह के आदिनाथ शाखा द्वारा कांच मंदिर प्रांगण में चेयरपर्सन श्रीमती दीप्ति जैन चेयरपर्सन श्रीमती संगीता जैन एवं पाठशाला संयोजक श्रीमती स्वाति जैन के सानिध्य में पर्युषण पर्व के चलते पाठशाला के बच्चों के लिए भजन प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभाजित की गई थी ग्रुप ए में छोटे बच्चे एवं ग्रुप बी में बड़ो ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया व एक से बढ़कर एक शानदार धार्मिक प्रस्तुतियां दी । लगभग 45 से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक के रूप में भजन प्रतियोगिता में श्रीमान रवि वर्मा सर एवं श्रीमती शोभा भाभी जी तथा वेशभूषा प्रतियोगिता में श्रीमती कविता जैन एवं श्रीमती रागिनी जैन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# चेकिंग लगाकर की चालानी कार्रवाई



**तेंदूखेड़ा।** दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी नितेश जैन ने कार्रवाई करते हुए 11 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए हिदायत दी और जुर्माना भी वसूला है। दरअसल गुरुवार को जबलपुर मार्ग पर तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा नियमों का उल्लघंन करने वाले बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले और बिना सीटबेल्ट के कार चलाने वाले वाहनों पर तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की है। और 11 लोगो का चालान काटकर 3 हजार 700 रुपए जुर्माना वसूला है। दरअसल पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है और लोगों जागरूक करने का काम कर रही है। वहीं दूसरी तरफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है उसके बाद भी लोगों सचेक नहीं हो रहे हैं और लगातार अनदेखी कर वाहनों को चला रहे हैं। और हादसों के शिकार हो रहे है और अपनी जान गंवा रहे हैं थाना प्रभारी नितेश जैन ने बताया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठना वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना और वाहनों पर नंबर प्लेट निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करना बेहद आवश्यक है नियमित का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी नितेश जैन प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी आरक्षक शैलेन्द्र बघेल सहित पुलिस स्टाफ मौजूद था।

## लीनेस अनीता कपूर की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह की आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के आरम्भ में छत्तीसगढ़ से आईं डि. प्रेसिडेंट अनीता कपूर ने सरस्वती पूजन किया । क्लब की परम्परा अनुरूप द्वार पर अतिथियों का स्वागत ज्योति चक्रवर्ती ने किया , रन्जना नोतानी और मनीषा तिवारी ने सरस्वती वन्दना को स्वर दिया । लीनेस क्लब की बी ओ डी और जनरल मीटिंग भव्य रूप से आयोजित की गई। राखी जैन और विजेता राय ने पारंपरिक स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया । अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डि. प्रेसिडेंट ने क्लब की सेवाभावी गतिविधियों की सराहना करते हुए सदस्यों को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर अनीता कपूर के हाथों से जरूरतमंद किशोरियों के बीच निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किया गया । प्रिन्सी जैन यह सेवा कार्य बहुत समय से करती आ रही हैं । क्लब अध्यक्ष स्मृति खरे ने आगामी सेवा प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की एवं प्रत्येक क्लब सदस्य की सक्रिय योगदान की बहुत सराहना की । एरिया ऑफीसर रोजी बग्गा ने क्लब की कार्य शैली और सेवा कार्यों की प्रशंसा की । सचिव पूजा सचदेव ने अब तक की सेवा प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत की कोषाध्यक्ष नर्मदा सिंह ने क्लब फीस एवं वित्तीय जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्योति सचदेव और रजनी खरे द्वारा किया गया। सभी सदस्यो समर्पित प्रयासों से यह आधिकारिक यात्रा गरिमामयी एवं सफल रही। क्लब के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे जिससे यह आयोजन सेवा, समर्पण और सौहार्द का अनुपम उदाहरण बना।

# उमंग दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**हटा।** नगर के शासकीय सांदीपनि विधालय में उमंग दिवस पर कक्षा 9 एवं 10 वी के बच्चों को किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु विशेषज्ञ द्वारा कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख रुप से आक्रामक व्यवहार, निश्चयात्मक व्यवहार, पाक्सो अधिनियम, निष्क्रियता से बाहर निकलना , एवं लैंगिक समानता जैसे विषयों पर कार्यशाला के माध्यम से महिला बाल विकास में परियोजना अधिकारी शिव राय एवं उनकी टीम ने बच्चों को समझाया उक्त कार्यशाला में सबसे पहले उमंग उत्सव अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, इसके बाद गतिविधि के माध्यम से किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया इसके बाद उमंग प्रभारी भारत भूषण खरे द्वारा प्रश्नों के माध्यम से बच्चों से संवाद किया गया विशेष अतिथि के रुप में महिला बाल विकास की टीम जिसमें नाथन मेम एवं के.के अठया ने बच्चों को लैंगिक समानता पर आधारित# कोमल# फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया बाल विवाह एंव एनीमिया के संबंध में जिला महिला बाल विकास अधिकारी अनिल जैन ने बताया इसी साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी वर्मा जी एवं जिला परियोजना अधिकारी कैलाश राय द्वारा बच्चों को किशोरावस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई कार्यक्रम में 153 बच्चों ने सहभागिता की अंत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मनीष चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के जन्मदिन पर सेवा पर्व पखवाड़ा

**दमोह।** जबेरा विधानसभा के तेजगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पर्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हर ग्राम में कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाएंगे जिसमें रक्तदान शिविर, मैराथन दौड़, स्वच्छता अभियान जैसे विभिन्न आयोजन करके प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल में हम निरंतर उनका जन्मदिन सेवा भाव से मनाते आ रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस आयोजन के प्रभारी राजकुमार सिंह, भारत सिंह लोधी, विनीता कुलस्ते, संग्राम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंच का संचालन भोजराज जैन ने किया।

# बटियागढ़ भाजपा मंडल ने की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

भारतीय जनता पार्टी मंडल बटियागढ़ में शुक्रवार को बैठक की। इसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि और नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष गोलू बजाज और जिला मंत्री कपिल शुक्ला बटियागढ़ भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की युवा मोर्चा और मंडल कार्यकर्ताओं ने भव्य आगवानी कर फूल माला पहनाकर भव्यता के साथ स्वागत किया। सर्व प्रथम भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात बैठक शुरू हुई, उसके पूर्व मंडल कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन अंत्योदय को समर्पित है। उनका जन्मदिन सेवा कार्यों के जरिए मनाया जाना चाहिए। जिला मंत्री कपिल शुक्ला ने बताया, सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, रक्तदान, पौधरोपण और स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रम होंगे। जिला उपाध्यक्ष गोलू बजाज ने कहा, सभी कार्यक्रम मंडल, नगर और बूथ स्तर पर होंगे। हर कार्यकर्ता को सक्रिय भागीदारी करनी होगी। उन्होंने सबसे बड़ी बात कही कि मंडल बटियागढ़ बैठक में कार्यकर्ताओं की संख्या के मामले में नंबर वन पर है। बैठक में सांसद खेल महोत्सव की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। और जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर मंडल अध्यक्ष चाहें तो सांसद राहुल सिंह को कार्यक्रम में आमंत्रित कर सकते हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, धर्मेन्द्र कटारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, मंगल कुशवाहा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित राजपूत, चतुर्भुज गर्ग, शिवांक असाटी, रामावतार कुड़ेरिया, बद्री विश्वकर्मा, अमित जैन, कैलाश जैन सहित मंडल मीडिया प्रभारी विनोद उदेनिया और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# झूला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल धर्मशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में अग्रवाल महिला मिलन समिति द्वारा कान्हा जी का झूला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सभी लोगो को सनातन धर्म से जोड़ना है ताकि युवा वर्ग की बालिकाए अपने धर्म और संस्कृति के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने।इस प्रतियोगिता के प्रायोजक हैं श्रीमती अंजलि श्री अतुल,श्रीमती निशा श्री नरेंद्र,श्रीमती रंजीता श्री मनोज, श्रीमती सुनीता श्री अनिल। इसमें 15 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों में पिंकी,प्रियांसि महक,गुंजन,ऐश्वर्या व महिलाओं में मोनिका,गरिमा,सीतारानी, अंजलि,रिद्धि,नीलिमा,मृदुला,राधा,अभिलाषा ,14 लोगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसिद्ध राम कथा वाचक श्री रघु दीक्षित जी हैं जिनके मुख से राम कथा सुनने पर ऐसा लगता हैं जैसे साक्षात राम चन्द्र जी व उनकी लीलाये हमारे सामने किसी चलचित्र की भांति चल रही हो और हम सभी त्रेता युग मे पहुँच गए हो।कार्यक्रम में महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती संगीता ,उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा,सचिव श्रीमती वीणा सहसचिव श्रीमती रचना, कोषाध्यक्ष श्रीमती सपना,सांस्कृतिक सचिव श्रीमती रश्मि मणि,मीडिया प्रभारी श्रीमती सपना मनोज महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रमा व युवा सम्भागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की बहनों व बेटियो की गरिमामयी उपस्थिति रही।अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष राजबहादुर अग्रवाल संदीप अग्रवाल व दीपक भैया का विशेष सहयोग रहा।

# कीट रोग से बचाव के बताए उपाय



**जबेरा।** कृषि विभाग जबेरा की टीम द्वारा शुक्रवार को जबेरा जनपद के अनेक ग्रामों में जाकर किसानों को धान की फसल में लगने वाले रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान जबेरा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी प्रिंस जैन, दीपक पटेल, क्षेत्रीय कृषि आदान विक्रेता श्रीराम कृषि सेवा केंद्र चंद्रभान पटेल जबेरा, पेस्टीसाइड कंपनी जे यू अग्री साइंस से राघवेंद्र सिंह राजपूत के साथ क्षेत्रीय भ्रमण कर गांव गांव जाकर इस समय धान में लगे हुए बी पी एच कीट ब्लास्ट शीत ब्लाइट बैक्टिरियल ब्लाइट के नियंत्रण के उपाय बतलाए गए। भ्रमण के दौरान जबेरा जनपद के ग्राम चोपरा, बम्होरी माला, इमलिया, रोड़, बनवार आदि ग्रामों में जाकर किसान भाइयों को इन रोगों से नियंत्रण के लिए निम्न दवा के बारे में बतलाया गया। तीनों ब्लास्ट रोकने के लिए एजोलेन बी पी एच की तीनों अवस्थाओं को रोकने के लिए ट्रिस्टन व पत्ता लपेटक इल्ली के लिए डिसीजन या ईमेट का उपयोग कर इससे निदान पा सकते है। इस अवसर पर उपस्थित किसानों में दीवान चंद्रभान सिंह, गुड्डू धनगर, कमलेश राय, महेंद्र प्रताप सिंह, साहब यादव, बसंत यादव, हरिश्चंद्र राजपूत, टेक सिंह आदि की उपस्थिति रही।

### ऑपरेशन फास्ट के तहत पुलिस चला रही अभियान, हटा में दो पीओएस एजेंट को पकड़ा, आम लोगों से सावधानी की अपील

## एक नाम के कई सिम कार्ड जारी करने की धोखाधड़ी उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



फर्जी तरीके से सिम जारी करने वाले पी आ एस एजेंट के विरूद्ध पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ऑपरेशन फास्ट चलाया जा रहा है जिसके तहत फर्जी सिम कार्ड धारकों, विक्रेताओं और एजेंट्स के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य सायबर फ्राड, वित्तीय ठगी जैसे अपराधों में प्रयुक्त हो रहे फर्जी सिम कार्ड और उनसे जुड़े अपराधियों की पहचान कर उनके विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करते हुये प्रभावी नियंत्रण करना है। इसी परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा दमोह जिले में सक्रिय संदिग्ध POS (Point of Sale) एजेंटों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत भदौरिया के मार्गनिर्देशन में दमोह पुलिस द्वारा मोबाईल एवं सिम विक्रेताओं की जाँच हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें थाना हटा पुलिस द्वारा ऑपरेशन FAST (Forged Activated Sim Termination) के तहत दो POS एजेट के विरूद्ध दण्डात्मक वैधानिक कार्यवाही की गई है, जो कपटपूर्वक बेइमानी से एक ही नाम के कई सिम कार्ड जारी कर धोखाधड़ी कर रहे थे। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी आशिक खान एवं केशवेन्द्र सींग लोधी दोनो निवासी ग्राम लुहारी थाना हटा के द्वारा अपने POS कोड 53332000 ASHI KHAN एवं 7999030613 से हटा क्षेत्र के गाँव-गाँव में घूमकर भोले-भाले लोगों जिन्हे सिम की आवश्यकता होती थी से एक से अधिक बार सिम के रजिस्ट्रेशन व फोटो की प्रक्रिया कर एक अतिरिक्त सिम जारी करवा लेता थे जिसकी जानकारी सिम खरीदने वाले ग्राहक को नहीं होता था। इसी प्रकार आरोपी आशिक खान एवं केशवेन्द्र सींग द्वारा कई मोबाइल नंबर फर्जी तरीके से जारी कर कई नागरिकों के आधार कार्ड, फोटो का उपयोग कर उनके नाम से उनकी बिना जानकारी के सिम कार्ड जारी कर अन्य व्यक्तियों को बेचे जाना पाया गया जिससे आरोपी ने अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया। आरोपीगणो से घटना में प्रयुक्त 02 लापु सिम (सिम एक्टिवेट करने) जप्त की गई है। उक्त कृत्य पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध अपराध क्रमांक 334/2025 धारा 318 (4) बीएनएस, 66 (C) आई.टी. एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी हटा निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाधयाय एवं थाना हटा पुलिस टीम तथा सायबर सेल दमोह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सावधानी

- सिम जारी करवाते समय सिम विक्रेता (**POS** एजेंट) आपसे एको अधिक बार प्रोसेस करने को कहे तो सजग रहे।
- आपके आधार कार्ड से कितनी सिम जारी हुई है इसकी जानकारी **DOT** की वेबसाईट **san-charsaathi. gov.in/** से मिल सकती है। मोबाईल नम्बर जो आपके आधार से लिंक होकर जारी है किन्तु आप नही चलाते है को बंद करावे
- यदि आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने या सायबर हेल्पलाईन **www. cybercrime. gov.in** या **Toll Free No**. 1930 अथवा दमोह पुलिस के 7587619008 पर शिकायत दर्ज करे।

### फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा संचालित शून्य शक्ति अभियान के तहत लंबित स्थाई वारंटियो की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने निर्देशित किया गया है जो उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु पृथक-पृथक टीमें गठित की गयी थी जो गठित टीम द्वारा माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र 48/2018 धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण में फरार स्थाई वारण्टी राजेश पिता टाकी कुर्मी निवासी चैनपुरा दमोह को दिनांक 11.09.2025 को गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. मनीष कुमार, प्रआर 528 देवेन्द्र, प्रआर. महेश, प्रआर. अभिषेक चौबे का सहयोग रहा।

### सहकारी समितियों द्वारा किसानों की सदस्य संख्या बढ़ाई जाये- कलेक्टर मिशा सिंह

दमोह। कलेक्टर मिशा सिंह ने जिले में कृषि संबंधित गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों द्वारा किसानों की सदस्य संख्या बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक कृषक वर्ग योजनाओं और सुविधाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने नैनो उर्वरकों के उपयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके। इसके साथ ही पथरिया डबल लॉक केंद्र में उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु 3 समितियों के कर्मचारी और 2 कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए । कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा कि फसल गिरदावरी 15 सितंबर से पूर्व अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए ताकि आगामी फसली कार्ययोजना में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

## कन्या हाईस्कूल पटेरा में मनाया उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



शासन के निर्देशानुसार शाला में उमंग दिवस उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में घटनाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करने हुये बालिकाओं द्वारा सोहरे गीत, भजन, प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विकास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी आर आर बागरी, विशिष्ट अतिथि जिला ब्यूरो चीफ हरिभूमि नरेन्द्र बजाज, उमंग काऊंसलर श्रीमति दीपमाला सैनी, अनिल कटारया बीपीएम पटेरा एवं हेमराज जी रहे। उपस्थित अतिथियों के द्वारा अपने जीवन में कैसे सफल हो एवं उमंग के साथ कैसे जीवन कौशल सीखें आदि बातों पर उदबोधन दिया। उन्होने अपने जीवन के सफलता के अनुभव बच्चों के साथ साझा किये।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका यादव द्वितीय स्थान स्वार्थी जैन तृतीय स्थान रश्मि प्रजापति ने प्राप्त किया । साथ ही डिब्बो चौबे, सुरभि आदिवासी, कुमकुम अहिरवाल के निबंध भी सराहनीय रहे । विभिन्न समसामयिक विषय नाटकों की प्रस्तुति की गई । जिसमें सोशल मीडिया, मोबाइल की लत और नशा के दुष्प्रभाव को बालिकाओं ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सटीक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समझाया । समस्त प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पारितोषक प्रदान किये गये। कार्यक्रम के आयोजन में संस्था प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे, उमंग प्रभारी संतोष कटारया, प्रमोद परोहा, प्रदीप सोनी, नरेन्द्र सेन, बलराम प्रजापति, अरविंद पटैल, मीरा तंतुवाय, निशा परोहा, दीपेश खरे, संदीप नामदेव, अभिलाषा नेमा, कमल अहिरवार, अखिलेश सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नरेन्द्र कुर्मी माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया।

## नौ नहीं दस दिन के होंगे शारदीय नवरात्र

### गज पर सवार होकर आएंगी माता रानी

### शक्ति का पर्वः अनेक शुभ संयोग रहेंगे विद्यमान दो दिन पड़ रही चतुर्थी तिथि 54 साल बाद बना ऐसा संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

इस वर्ष शारदीय नवरात्र का पर्व विशेष संयोग लेकर आ रहा है। सामान्यतः नवरात्र नौ दिन का होता है, लेकिन इस बार यह उत्सव दस दिन तक मनाया जाएगा। नवरात्र में चतुर्थी तिथि दो दिन पड़ रही है। 25 और 26 सितंबर दोनों दिन चतुर्थी तिथि विद्यमान रहेगी। इस कारण श्रद्धालुओं को मां दुर्गा की आराधना और अनुष्ठान के लिए एक दिन अतिरिक्त मिलेगा। नवरात्र का शुभारंभ 22 सितंबर (सोमवार) से होगा। 1 अक्टूबर को महानवमी व 2 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व होगा। पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार नवरात्र का प्रारंभ सोमवार से हो रहा है। मान्यता है कि नवरात्र सोमवार से आरंभ होता है, तब मां दुर्गा गज (हाथी) पर सवार होकर आती हैं। गज की सवारी सुख, समृद्धि व ऐश्वर्य का प्रतीक मानी जाती है। इसके चलते इस बार अच्छी वर्षा के लिए योग हैं। कृषि क्षेत्र के लिए भी यह नवरात्र शुभकारी रहेगा। इस दिन दोपहर 11.55 बजे के बाद हस्त नक्षत्र रहेगा, जो शुभता का प्रतीक है।



#### पितृपक्ष और नवरात्र का संयोग

वर्तमान में पितृपक्ष पखवाड़ा चल रहा है। पितृपक्ष सामान्यतः 16 दिन का होता है, लेकिन इस बार एक तिथि क्षय होने से एक ही दिन में दो तिथियां पड़ रही हैं। अष्टमी व नवमी एक साथ आ रही हैं। इसके विपरीत नवरात्र में एक तिथि की बढ़ोतरी हो रही है। इसी कारण इस बार नवरात्र दस दिनों का होगा और मां दुर्गा की उपासना के लिए एक अतिरिक्त दिन मिलेगा। यह विशेष संयोग तीन वर्ष पूर्व भी बना था। वर्ष 2022 में भी शारदीय नवरात्र दस दिन तक चला था। इस बार नवरात्र के साथ शुक्ल योग का संयोग भी बन रहा है, इस लिहाज से नवरात्र अत्यंत शुभकारी रहेगा

#### अर्द्धरात्रि से लगेगी प्रतिपदा

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 21 सितंबर की अर्धरात्रि के बाद रात 1.23 बजे लगेगी और 22 सितंबर की अर्धरात्रि के बाद रात के तीसरे प्रहर 2.55 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 22 सितंबर को होगी और उसी दिन कलश स्थापना की जाएगी और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री देवी का पूजन होगा। वहीं नवरात्र की चतुर्थी तिथि 25 और 26 सितंबर यानि 2 दिन पड़ रही है। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 29 सितंबर की शाम 4:31 बजे से लगेगी। इसलिए महाष्टमी 30 सितंबर को होगी। एक अक्टूबर का महानवमी का व्रत किया जाएगा। केवल प्रतिपदा और अष्टमी का व्रत करने वाले व्रती एक अक्टूबर को व्रत का पारण करेंगे, जबकि पूरे नौ दिनों का अनुष्ठान करने वाले विजयदशमी के दिन दो अक्टूबर को व्रत का पारण करेंगे

#### विशेष संयोग शुभकारी

**गज पर आगमनः** सुख और समृद्धि का प्रतीक
**हस्त नक्षत्रः** शुभता और मंगलकारी फल प्रदान करने वाला।
**शुक्ल योगः** धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत उत्तम।
**चतुर्थी दो दिनः** नवरात्र का विस्तार दस दिन तक।
54 साल बाद शारदीय नवरात्रि 10 दिन की पड़ रही है। यह अत्यंत शुभ माना गया है। उदया तिथि के हिसाब से 22 सितंबर से नवरात्र पर्व शुरू हो जाएगा विजयादशमी पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा।
**पंडित गोपाल शास्त्री तेंदूखेड़ा**

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य ने ली अल्पसंख्यक समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रकाश मोदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अल्पसंख्यक समाज के प्रतिनिधियों की बैठक ली। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबके साथ सबके विकास के तहत सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं और विकसित भारत के सपने को साकार रूप दे रहे है। उन्होंने कहा अल्पसंख्यक वर्ग के उत्थान के लिए हर राज्य में अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया है जिसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

अल्प संख्यक आयोग के माध्यम से विकास के लिए नियमित सुझाव के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा सरकार की नीति अनुसार योजनाओं का लाभ समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा। इस बैठक में जैन समाज, मुस्लिम समाज, सिक्ख समाज, ईसाई समाज के लोगों के अपनी अपनी समाज की समस्याओं को रखा। बैठक में कलेक्टर मिशा सिंह, अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित सभी अल्प संख्यक समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर चंद कुमार सराफ, डॉ आर के बजाज, देवेंद्र सेठ, पदम चंद जैन, महेन्द्र जैन, इंजी. आर.के जैन, अजित कण्डया, यू सी जैन, शैलेंद्र जैन, अमित त्यागी, हेमंत छाबड़ा, कैप्टन बाधवा, हाजी अमजद डायमंड, एड. सादिक रिजवी, आसिफ अंजुम, नियाज कुरैशी, मजीद मसीह, पादरी पीके पॉल, आसिफ अंजुम, नियाज कुरैशी सहित सहायक संचालक अल्पसंख्यक विभाग रंजीता जैन उपस्थित रही।

### श्री मोदी ने किए बड़े बाबा के दर्शन



**दमोह।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रकाश मोदी ने कुण्डलपुर में पूज्य बड़े बाबा जी के दर्शन कर अभिषेक, शांतिधारा, छत्र चढ़ाकर, पूजन किया।

## खारिज हुआ क्रिश्चियन मिशन का स्टे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश अनुप्रेक्षा जैन द्वारा जिला प्रशासन के द्वारा किल्लाई चौराहे के पास क्रिश्चियन मिशन द्वारा 100 वर्षों अधिक समय का कब्जा बताकर प्रार्थना भवन के नाम पर बनाई गई बाउंड्रीबाल हटाने के मामले में स्टे दिए जाने का क्रिश्चियन मिशन का आवेदन निरस्त कर दिया है। मामले में म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार की ओर से शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर एवं नगर पालिका के स्टेंडिंग काउंसिल अभिषेक सिंघई ने उपस्थित होकर पक्ष रखा। मामला इस प्रकार था, जिला प्रशासन ने स्टेट बैंक चौराहा के पास नजूल की भूमि जो कि बच्चों के खेल मैदान और आम जनमानस के आवागमन हेतु आरक्षित थी, को क्रिश्चियन मिशन द्वारा प्रार्थना भवन के नाम पर अवैध कब्जा कर बाउंड्रीबाल बनाने की सूचना प्राप्त होने पर नाप कराने पश्चात दिनांक 4 अक्टूबर 2024 को बाउंड्रीबाल गिरा दी और कब्जा प्राप्त कर लिया। शासन उस भूमि पर रास्ता और खेल मैदान का निर्माण कर पाती उससे पूर्व ही क्रिश्चियन मिशन मामले को लेकर हाईकोर्ट के वकील विकल्प सोनी के माध्यम से शासन के विरुद्ध दो प्रकरण लगाकर कोर्ट इस आधार पर पहुंच गई कि विवादित भूमि पर उनका 100 वर्षों से अधिक समय से कब्ज़ा है। शासन उनकी भूमि पर निर्माण कराना चाह रहा है। इसलिए कार्यवाही पर स्टे दिया जाय। शासन के वकील राजीव बद्री सिंह और नगरपालिका के वकील अभिषेक सिंघई ने कोर्ट में बताया कि विवादित भूमि शासन का नाम दर्ज है। क्रिश्चियन मिशन संस्था उस भूमि पर कभी कब्जे में नहीं रही, भूमि को बच्चों के खेल मैदान और रास्ते के लिए शासन ने सुरक्षित रखा है और जिस पर निर्माण प्रारंभ होना भी है, भूमि का कोई सीमांकन कराए जाने का दस्तावेज भी वादी ने पेश नहीं किया है। न्यायाधीश द्वारा शासन के तर्कों।से सहमत होकर क्रिश्चियन मिशन के तर्कों को नकारते हुए उनका स्टे दिए जाने का आवेदन निरस्त कर दिया 1

### ऑटो रिक्शा पलटा, सात घायल

**दमोह।** जिले में हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हलगज मुड़ारी के पास शुक्रवार सुबह अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा पलटने से आधा दर्जन से अधिक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए.जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। बतादे कि अंत्येष्टि में शामिल होने हिनौती जा रहे थे. तभी यह घटना हो गई। जिससे चालक सहित आठ सवार मौजूद थे.जिसमें सात लोगों में चार महिलाएं व तीन पुरुष घायल हुए हैं। जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें सर्जिकल और ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया गया है, जिनका उपचार जारी है। सभी घायल सलैया निवासी बताए गए हैं. जिनमें बड़ी बहू कडोरी अहिरवार उम्र 45 वर्ष, गेंदाबाई पति हिम्मत 60 वर्ष, श्री राम 55 वर्ष, रतिया 55 वर्ष, महारानी 40 वर्ष, मनीषा 40 वर्ष सभी अहिरवार समाज के बताए गए हैं। जानकारी मिलते ही मौके पर सरपंच नरेश राय सलैया पहुंचे और उन्होंने घायलों को जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म पर मामला दर्ज

**हटा।** थाना क्षेत्र में आने वाले एक गांव की महिला के साथ गांव के ही दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। महिला की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, हालांकि अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए महिला ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन वह ऑटो में बैठकर बाजार से घर आ रही थी, तभी दो गांव के लक्ष्मण सेन और महाराज सिंह लोधी निवासी सोजना दो आरोपियों ने उसे जबरन पकड़ा और बच्चों की हत्या करने की धमकी देकर मेरे साथ खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपियों ने मेरा वीडियो भी बना लिया और करीब 8 दिन बाद फिर से दोनों आरोपियों ने मेरे घर आकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि उसके पति जिले से बाहर मजदूरी करने गए, उसके दो बच्चे हैं, जिनके साथ वह घर में गांव में अकेले रहती है। एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि महिला ने गांव के ही दो लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पहले महिला थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी और उसके बाद हटा थाने में असल एफआईआर की गई। दोनों आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। महिला ने अपने एफआईआर में आरोपियों के द्वारा उसका वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करने की बात की है। आरोपियों की गिरफ्तारी होने पर उनका मोबाइल जब्त कर उसका भी परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा महिला के 164 के बयान भी न्यायालय में कराए जाएंगे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम में गठित की गई है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील तेंदूखेड़ा जिला दमोह (म.प्र.)**

प्र. क्र. / बी - 121/ वर्ष 25-26
तेंदूखेड़ा दिनांक 12-09-2025

**इस्तहार**

जरिये इश्तहार के आम जन को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति उमा तिवारी पति स्व. श्री कृष्ण कुमार तिवारी साकिन वर्तमान तेंदूखेड़ा स्थाई पता विवेकानंद कालोनी दमोह ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि श्रीमति उमा तिवारी के पति स्व. श्री कृष्ण कुमार तिवारी की मृत्यू होने के उपरांत दिवंगत शासकीय सेवक के स्वत्वों के भुगतान हेतू उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। दिवंगत शासकीय सेवक के सेवा अभिलेख में दर्ज परिवार सूची में पत्नि के नाम में श्रीमति राधा तिवारी एवं पुत्र प्रिंस तिवारी दर्ज है। अन्य दस्तावेजो में श्रीमति राधा तिवारी का नाम उमा तिवारी दर्ज है। श्रीमति उमा तिवारी एवं श्रीमति राधा तिवारी एक ही महिला का नाम है, उन्हे वास्तविक नाम श्रीमति उमा तिवारी के नाम से जाना जाता है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को काई आपत्ति या हित हो तो वह इश्तहार प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
तेंदूखेड़ा, जिला दमोह

## एसबीआई को डिजिटल फ्रॉड की राशि वापस करने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह के अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई एवं सदस्य राजेश ताम्रकार ने डिजिटल फ्रॉड के विषय में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया। परिवादी डॉक्टर बैजनाथ पटेल के अधिवक्ता अजय कुमार बाजपेयी ने बताया कि परिवादी के दो बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा किल्लाई नाका एवं भारतीय स्टेट बैंक टंडन परिसर में संचालित थे जिसमें से दिनांक 21/02/2024 को एक मोबाइल क्रमांक 6303463699 से फोन आया और बताया कि पी. पी. ओ. आ रहा है उसके पश्चात उनका मोबाइल हैक कर लिया गया और उनके खाते से 4,40,000 रूपये एवं 3,04,000 रूपये निकाल लिए गए एवं परिवादी की फ्लोटिंग एफ.डी. से 367200 रू. का लोन भी अकाउंट होल्ड होने के बाद साइबर ठगों के खाते में ट्रांसफर हो गया तथा इन ट्रांजेक्शन का उनके पास में कोई मैसेज भी नहीं आया. इस प्रकार से कुल 11,11200 रूपये की परिवादी के साथ साइबर ठगी की गई। उसी दिन शाम को परिवादी एटीएम से राशि निकालने के लिए गया, तो एटीएम में राशि अपपर्याप्त बताई तब परिवादी ने एटीएम से मिनी स्टेटमेंट प्राप्त किया तो उसने पाया कि उसके अकाउंट से ऊपर वर्णित राशि आहरित कर ली गई है जिसकी सूचना परिवादी ने दोनों बैंकों में फ्रॉड होने के 2 घंटे के अंदर दी एवं अकाउंट पर होल्ड लगवा दिया एवं 1930 साइबर क्राइम की हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल किया. बैंक के तत्कालीन प्रबंधकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित साइबर सेल ऑफिस में शिकायत करने के लिए कहा जिस पर परिवादी ने साइबर सेल में शिकायत की तो उन्होंने शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया और कहा कि सब कार्यवाहीं बैंक से होगी इसके पश्चात परिवादी पुनः बैंक आया तब बैंक के प्रबंधकों ने ने पुनः साइबर सेल में शिकायत करने के लिए कहा इसके पश्चात परिवादी ने बैंकिंग लोकपाल और रिजर्व बैंक आफ इंडिया को भी लिखा पर वहां से कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब कहीं से न्याय नहीं मिला तो परिवादी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह में अपने अधिवक्ता अजय कुमार बाजपेयी के माध्यम से सेवा की कमी का परिवाद पेश किया एवं आयोग के समक्ष संपूर्ण सुनवाई हुई तथा परिवादी के अधिवक्ता ने बताया कि दिनांक 6 जुलाई 2017 के भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश हैं एवं उसके अलावा परिवादी के अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, मुंबई हाई कोर्ट, केरला हाई कोर्ट, राजस्थान हाई कोर्ट एवं दिल्ली हाई कोर्ट के न्याय दृष्टांत प्रस्तुत किया जिन पर आयोग ने सहमति जताते हुए दोनों भारतीय स्टेट बैंक को निकासी दिनांक से अदायगी दिनांक तक का ब्याज सहित भुगतान करने के लिए आदेशित किया एवं सेवा की कमी के एवं में 10000-10000 रुपए पृथक-पृथक एवं 2000-2000 पृथक-पृथक वाद व्यय के रूप में भुगतान करने का आदेश से पारित किया। अधिवक्ता अजय कुमार बाजपेयी ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ डिजिटल फ्रॉड होता है तो वह तीन दिवस के भीतर बैंक को सूचित करें एवं उसके बाद समस्त जिम्मेदारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइड लाइंस के अनुसार बैंक की है।

**आम सूचना**

शपथकर्ता रामकिशोरी पटेल उम्र 63 वर्ष पति परसोत्तम पटेल निवासी ग्राम भगुवां तह. पथरिया जिला दमोह म.प्र. ने शपथपूर्वक कथन किया है कि में उक्त पते की मूल निवासी हूं। मै रामकिशोरी व हेमन्ती पति परसोत्तम पटेल दोनों मेरे ही नाम हैं व उक्त दोनों नामों से में जानी व पहचानी जाती हूं। मेरे सभी दस्तावेज में दोनों नामो का प्रयोग किया गया है एवं दोनों नाम मेरे ही हैं। अत: मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाये।

**शपथकर्ता - रामकिशोरी पटैल पति परषोत्तम पटेल**